भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 479
उत्तर देने की तारीख : 03.02.2026

अटल वयो अभ्युदय योजना

479. श्री करण भूषण सिंह:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 'अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत सिल्वर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) द्वारा स्टार्टअप के चयन हेतु कोई मानकीकृत मानदंड स्थापित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में इसके अंतर्गत लाभान्वित होने वाले स्टार्टअप की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार द्वारा बुजुर्ग समुदाय के भीतर स्टार्टअप की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री बी.एल. वर्मा)

(क): सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय वृद्धजनों के कल्याण के लिए स्वास्थ्य, आवास, देखभाल सेवाओं और प्रौद्योगिकी-समर्थित समाधानों जैसे क्षेत्रों में उत्पादों और सेवाओं के संबंध में काम करने वाले स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) के तहत एक घटक सीनियर केयर एजिंग ग्रोथ इंजन (सेज) को लागू कर रहा है।

निर्धारित मानदंडों के अनुसार, ऐसे आवेदक पात्र होते हैं जिनके नवीन विचारों को राष्ट्रीय-स्तर के नवीन विचारों वाली प्रतिस्पर्धा में पहचान मिली हो, जैसे कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन तथा ऐसे स्टार्ट-अप जो वर्तमान समय में भारत में वृद्धावस्था की देखभाल के क्षेत्र में कार्य कर रहे हों तथा अपने व्यवसाय को बढ़ाने का इरादा रखते हों। ऐसे स्टार्ट-अप को

भारत में एक निजी या सार्वजनिक कंपनी के रूप में निगमित होना चाहिए, यह निगमन की तारीख से दस वर्ष से कम समय से पंजीकृत होना चाहिए, इसका पिछले किसी भी पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में वार्षिक कारोबार 25 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए और मौजूदा व्यवसाय का विभाजन या पुनर्निर्माण करके नहीं बनाया गया होना चाहिए। फंड का प्रबंधन आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लिमिटेड द्वारा किया जाता है और स्टार्ट-अप चयन एक बहु-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जिसमें विशेषज्ञ और विभागीय समितियां शामिल होती हैं, जिसके बाद निवेश प्रबंधक द्वारा निवेश का विस्तृत मूल्यांकन, संवितरण और निगरानी की जाती है।

(ख): पिछले दो वर्षों के दौरान, इस योजना के अंतर्गत मैसर्स प्राइमरी हेल्थ टेक प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर जिला, उत्तर प्रदेश नामक एक स्टार्ट-अप लाभान्वित हुआ है।

(ग) और (घ): अटल वयो अभ्युदय योजना के सेज घटक के अंतर्गत सरकार उत्पादों और सेवाओं के रूप में सीनियर केयर एजिंग ग्रोथ इंजन वेंचर फंड के माध्यम से वृद्धजनों की जरूरतों को पूरा करने वाले स्टार्ट-अप की स्थापना को बढ़ावा देती है। वर्तमान में, इस योजना घटक के तहत कुल 9 स्टार्ट-अप को सहायता दी गई है।

*****